<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–31 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया। चौबीस नवम्बर से देश के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में संभालेंगे कार्यभार।
- गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी के निर्णय से उत्साहित किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया अभिनन्दन। किसानों से संवाद में मुख्यमंत्री ने कहा– खेती और किसानों का हित, सरकार का मुख्य एजेंडा।
- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती पर आज प्रदेश भर में किया जा रहा है रन फॉर यूनिटी का आयोजन ।
- मुम्बई में खेले गये महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया।

**********

न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई देते हुए यह जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति चौबीस नवम्बर से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के तिरपनवें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल तेईस नवम्बर को समाप्त हो रहा है।

**********

पेराई सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिये गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी के ऐतिहासिक निर्णय से उत्साहित प्रदेश के गन्ना किसानों ने कल लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी सरकार बनने के बाद पहली बार खेती और किसानों का हित सरकारों के एजेंडे में आया।

**यह हमारा सौभाग्य है कि पिछले ग्यारह वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत का अन्नदाता किसान खुशहाली की एक नई राह चला है। किसान भी किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बन सकता है और ईमानदारी से उसको ध्यान में रख कर के शासन की योजनाएं बनेंगी। यह मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रारंभ हो पाया।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह से अब तक साढ़े आठ वर्षों में सरकार ने लगभग दो लाख नब्बे हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट गन्ना किसान प्रणाली से गन्ना पर्ची व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाइन हुई और बिचौलियों का राज खत्म हुआ है।

अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए किसानों ने कहा कि योगी सरकार ने गन्ना मूल्य बढ़ाकर किसानों को तोहफा दिया है। इस बीच, केंद्रीय युवा कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कल बस्ती जिले में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्ने का मूल्य बढ़ाकर किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश के गन्ना किसान खुश हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान आगरा में बन रहे छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय भारत के स्वाभिमान, सांस्कृतिक वैभव और वीरता के प्रेरणास्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान छात्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय के भवन का निर्माण कार्य जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिये । मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय केवल इतिहास का स्थिर प्रदर्शन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव होना चाहिए, जहां आने वाले दर्शक भारत की गौरवगाथा को महसूस कर सकें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने लखनऊ में प्रस्तावित नौसेना शौर्य संग्रहालय की प्रस्तुति का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संग्रहालय के केवल देखने योग्य नहीं, बल्कि इस तरह बनाये जाये, जहां आने वाले लोग इतिहास को महसूस कर सके। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना के अद्म शौर्य गाथाओं का जीवंत प्रतीक बनेगा। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।**

**********

उप राष्ट्रपति सीपी राधा कृष्णन आज अपराह्न बाद एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। वह बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन–पूजन करेंगे। उप राष्ट्रपति सिगरा स्थित नाटकोटाई धर्मशाला का उद्‌घाटन भी करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

**********

कुशीनगर के तमकुहीराज क्षेत्र के नारायणी नदी के किनारे चली चार दिवसीय स्पेस मॉडल रॉकेट्री–कैनेसेट इंडिया स्टूडेंट्स प्रतियोगिता कल समाप्त हो गई। इस प्रतियोगिता में मुम्बई की टीम विजेता रही, जबकि गुजरात के द्वारिका की टीम उप विजेता बनी। प्रतियोगिता में कुल सत्तर टीमों ने प्रतिभाग किया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि मिशन गगनयान के सदस्य और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला तथा इन स्पेस के चेयरमैन डॉ पवन गोयनका ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

**********

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती पर आज प्रदेश भर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एल आर कुमार ने कल लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में सभी कमिश्नरेट, जनपद मुख्यालयों और उनके थानों पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। यह कार्यक्रम थानों के प्रमुख चौराहों या लैंड मार्क से शुरू होंगे। रेस की अवधि सुबह सात से दस बजे के बीच तीस मिनट की होगी।

इस बीच, भारतीय जनता पार्टी भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज से पचीस नवम्बर तक विविध आयोजन कर रही है। पार्टी द्वारा आज प्रदेश भर में एकता मार्च निकाला जा रहा है। इसी क्रम में, एक से सात नवम्बर के बीच शैक्षणिक संस्थानों में निबंध, भाषण और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार ने बाइस सितंबर को वस्तु और सेवा कर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। खाद्य पदार्थों में नई जीएसटी दरों से लोगों को मिल रहे लाभ को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**आम आदमी को बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने जरूरी खाद्य पदार्थों पर जीएसटी कम कर दिया है। नए कर ढांचे के तहत मक्खन, घी और अन्य डेयरी उत्पादों पर कर की दर 12ः से घटाकर 5ः कर दी गई है। जीएसटी में इस कमी से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। फलों और सब्जियों के रस जैसे फलों के गूदें और सब्जियों के रस पर अब 12ः की बजाय 5ः जीएसटी लगेगा। पैकेट में आने वाला मांस, सब्जियां और अचार पर भी अब 5 प्रतिशत का कर लगेगा। इन सुधारों से कई जरूरी और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की कीमते कम हुई हैं, जिससे घरेलू खर्च कम हुआ है। नए जीएसटी सुधारों से आम लोगों के लिए खाद्य पदार्थ खरीदना आसान हुआ है। दैनिक पोषण सुनिश्चित हुआ है, उपभोग को बढ़ावा मिला है और परिवारों को वित्तीय राहत मिली है। रोहन के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

मुंबई में खेले गये महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हरा कर फाइनल में जगह बना ली है। आस्ट्रेलिया की टीम ने पहले खेलते हुए भारत को तीन सौ उन्तालिस रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में भारत की टीम ने अड़तालिस ओवर तीन बाल में पांच विकेट खोकर तीन सौ इकतालिस रन बना लिया।

**********

चक्रवाती तूफान मोंथा के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अभी भी बारिश जारी रहने की संभावना है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**लखनऊ सहित प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कल तेज हवा के साथ दिनभर बारिश होने से तापमान में 5 से 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित होने के साथ–साथ फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मौसम विभाग ने दो दिनों के भीतर प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली और भदोही सहित प्रदेश के 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

प्रसार भारती, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से सड़सठवें आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। दो नवम्बर से उन्तीस नवम्बर तक देश भर के चौबीस आकाशवाणी केंद्रों में इसका आयोजन होगा। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा है कि वर्ष उन्नीस सौ चौवन में शुरूआत के बाद से आकाशवाणी संगीत सम्मेलन सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करने वाला देश का सर्वाधिक सम्मानित संगीत कार्यक्रम है।

**********

बौद्ध धर्म के प्रमुख गुरु और भिक्खु संघ के अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर महास्थवीर का आज तड़के लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे।

**********